प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

27 जुलाई 2022

जलवायु जोखिम और धारणीय वित्त पर चर्चा पत्र और इससे संबंधित सर्वेक्षण के परिणाम

8 अप्रैल 2022 के विकासात्मक और विनियामक नीतियों पर वक्तव्य में की गई घोषणा के अनुसरण में, भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज जलवायु जोखिम और धारणीय वित्त पर एक चर्चा पत्र जारी किया है। चर्चा पत्र पर विनियमित संस्थाओं और अन्य हितधारकों से टिप्पणियां 30 सितंबर 2022 तक आमंत्रित की जाती हैं। टिप्पणियों को ईमेल द्वारा विषय में "जलवायु जोखिम और धारणीय वित्त पर चर्चा पत्र संबंधी टिप्पणियां" लिखकर प्रेषित किया जा सकता है।

2. रिज़र्व बैंक ने अपनी वेबसाइट पर जनवरी 2022 में किए गए जलवायु जोखिम और धारणीय वित्त संबंधी सर्वेक्षण के परिणाम भी जारी किए। यह सर्वेक्षण, जलवायु जोखिम के प्रबंधन में अग्रणी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा अपनाई गई पद्धति, उनके द्वारा किए गए तैयारियों के स्तर और प्रगति का आकलन करने के लिए किया गया था। सर्वेक्षण में भारत के 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, 16 निजी क्षेत्र के बैंक और 6 विदेशी बैंक शामिल थे। यह उपयोगी अंतर्दृष्टि प्रदान करता है और इस कार्य के बाद प्राप्त प्रतिक्रिया से जलवायु जोखिम और धारणीय वित्त के लिए आरबीआई की विनियामक और पर्यवेक्षी दृष्टिकोण को आकार देने में मदद मिलेगी।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/599